मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 4

जनवरी – मार्च 2023

## संपादकीय



**डॉ अजीत श्रीवास्तव**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं सदस्य सचिव**

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 41 (1) एवं मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

जैवविविधता नियम, 2004 (केन्द्र) के नियम 22 (6) तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (9) अनुसार जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर के जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जैवविविधता सरंक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं जैवविविधता नियम, 2004 के उदेश्य अनुसार जैवसंसंसाधनों से उदभूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन किया जाना प्राधानित है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रावधान अनुसार जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारी एवं विनिर्माताओं द्वारा साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन की राशि बोर्ड प्रदान की जा रही है।

लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य तथा लाभ प्रभाजन की राशि से मैदानी स्तर पर जैवविविधता संरक्षण का कार्य हेतु स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण आवश्यक है। जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले मैदानी स्तर के विभागों (वन, कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी) द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव)**
**सदस्य सचिव**

# जैवविविधता शिक्षा एवं जागरूकता

## 1. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण प्रशिक्षण

**जनपद पंचायत – खण्डवा** अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर महाविद्यालय के सहयोग से लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण का कार्य, एस.एन. शासकीय पी.जी. कॉलेज, जनपद पंचायत– खण्डवा के तकनीकी मार्गदर्शन में (15 विद्यार्थीडाटा सर्वेयर) द्वारा संपादित किया जाएगा। लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य हेतु संस्था के डाटा सर्वेयर का एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 09.02.2023 को दोपहर 02:30 बजे से 05:00 बजे तक वेबेक्स प्लेटफॉर्म पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, किसान भवन, भोपाल में आयोजित किया गया। जैवविविधिता अधिनियम 2002, जैवविविधता नियम 2004, के प्रावधानों, जैवविविधता प्रबंधन समिति का गठन, कार्य एवं जैवविविधता प्रबंधन समिति का सक्रियकरण एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य हेतु पी.आई. तथा डाटा सर्वेयर की भूमिका पर विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञ, पी.आई. जिला– खण्डवा, एवं डाटा सर्वेयर (15 विद्यार्थी) प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

**जनपद पंचायत – ग्यारसपुर एवं गंजबासौदा** स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य निर्माण का कार्य,शासकीय कन्या अग्रणी पी.जी. कॉलेज, जिला– विदिशा (म.प्र.) के सहयोग से किया जा रहा है। संस्था के पी.आई. एवं को–पी.आई. का एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 16.02.2023 को दोपहर 02:30 बजे से 05:00 बजे तक ऑनलाईन वेबेक्स प्लेटफॉर्म पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, किसान भवन, भोपाल में आयोजित किया गया।

## 2. दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्राणियों की प्रजातियों के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय संगोष्ठी

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं सोसायटी ऑफ नेचर हीलर्स, कंजर्वेशन एंड लोकल टूरिज्म डेवलपमेंट (SNHC), के संयुक्त तत्वाधान में एप्को सभागार,भोपाल में दिनांक 20 एवं 21 जनवरी 2023 को श्री जे एन कंसोटिया अपर मुख्य सचिव, वन विभाग के मुख्य अतिथ्य में National Conference on - Lesser-Known Faunal Species of MPdk आयोजन किया गया। जिसमें Bhopal Birds, MPTFS, Van Vihar, MP Tour and Travels, EPCO Bhopal, VNS, Central Zoo Authority, WWF, Nauradehi Wildlife Sanctuary, Alok Aastha Lok Kalyan Samiti एवं जन संपर्क विभाग का सक्रिय योगदान रहा।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्री जे एस चौहान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविवधता बोर्ड एवं श्री असीम श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्पादन उपस्थित रहे। कार्यशाला में विभिन्न संस्थाओं के 30 से भी अधिक विषय–विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से Lesser-Known Faunal Species दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्राणियों की प्रजातियों जैसे–रिवर डॉल्फिन, सरीसृप, छोटे कीटों, इंडियन स्कीमर, फारेस्ट आउलेट, भारतीय भेड़िये, केराकल, बिच्छू, खरमोर, औटर के संबंध में संरक्षण एवं संवर्धन एवं चुनौतियॉ आधारित जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के समापन समारोह में दिनांक 21 जनवरी 2023 को मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में श्री आर श्रीनिवास मूर्ति, सेवानिवृत वन अधिकारी एवं श्रीमती संगीता सक्सेना, डायरेक्टर, डब्लू. डब्लू. एफ. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।







**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं सोसायटी ऑफ नेचर हीलर्स, कंजर्वेशन एंड लोकल टूरिज्म डेवलपमेंट (SNHC), के संयुक्त तत्वाधान में एप्को सभागार, भोपाल में दिनांक 20 एवं 21 जनवरी 2023 को श्री जे एन कंसोटिया अपर मुख्य सचिव, वन विभाग के मुख्य अतिथ्य में National Conference on - Lesser-Known Faunal Species of MP का आयोजन किया गया।**

## 3. जैवविविधता प्रदर्शनी

कालीदास अकादमी, उज्जैन में दिनांक 18 जनवरी से 20 जनवरी, 2023 तक Shining Madhya Pradesh 2023 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ माननीय संसद सदस्य लोक सभा, उज्जैन श्री अनिल फिरोजिया द्वारा किया गया। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से कृषि जैवविविधता आधारित प्रदेश में पाये जाने वाले मोटे अनाजो की विभिन्न पारम्परिक किस्में कोदो, कुटकी, समा, ज्वार, मक्का, गेहूँ की किस्में कठिया, लाल गेहूँ, काला गेहूँ तथा धान की पारम्परिक किस्में जैसे जीरा शंकर, विष्णु भोग, चिन्नौर, करंगी, भाटाफूल, करधना, लूचई (चावल की किस्में) इत्यादि की अनुवांशिक जैवविविधता का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी में बोर्ड की ओर से तकनीकी विशेषज्ञ श्री शुभम सिंह पंकज द्वारा प्रतिभागिता की गई। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, महापौर श्री मुकेश टटवाल, जिलाध्यक्ष श्री विवेक जोशी माननीय मंत्री एवं लोक सभा सांसद श्री अनिल फिरोजियाएवं लगभग 30 स्कूलो के लगभग 2000 छात्र–छात्राओं द्वारा बोर्ड के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का समापन दिनांक 20.01.2023 को माननीय मंत्री एवं लोक सभा सांसद श्री अनिल फिरोजिया द्वारा कालीदास अकादमी के सभागार में किया गया।








**बोर्ड द्वारा आयोजित जैवविविधता प्रदर्शनी**

## 4. कड़कनाथ संरक्षण कार्यशाला एवं प्रदर्शनी

कड़कनाथ संरक्षण कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र (के.वी.के.) झाबुआ, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल एवं कृषि विकास विभाग झाबुआ के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र झाबुआ के प्रक्षेत्र में दिनांक 01.02.2023 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अमन वैष्णव (आई.ए. एस.) सीईओ झाबुआ, प्रो. अरविन्द कुमार शुक्ला, कुलपति, राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विज्ञान विद्यालय, ग्वालियर एवं डॉ. आई. एस. तोमर, संचालक के.वी.के. झाबुआ द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यशाला में कड़कनाथ उत्पादकों को एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत उत्पाद का प्रचुर प्रचार प्रसार, मुर्गी पालन के लिए संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओ, कड़कनाथ मांस के अतिरिक्त अंडो पर शोध एवं कड़कनाथ पालन जैसे आवास, आहार बीमारी के लक्षण विषय पर चर्चा की गई। प्रदर्शनी आधारित कृषि मेला में कड़कनाथ पालको के बीच उत्कृष्ट कड़कनाथ जोड़े की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 545 कड़कनाथ पालक एवं कृषक के साथ डॉ. एस.के. चौधरी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, इंदौर डॉ. राकेश भारद्धाज, प्रधान वैज्ञानिक, एन.बी.पी.जी.आर. आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली, डॉ. चंदन कुमार, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र– झाबुआ (म.प्र.) एवं श्री शुभम सिंह, तकनीकी विशेषज्ञ, जैवविविधता बोर्ड भोपाल, उपस्थित हुये।




**झाबुआ में आयोजित कड़कनाथ संरक्षण कार्यशाला एवं कृषि मेला**

## 5. जैवविविधता प्रशिक्षण

बोर्ड द्वारा Training Program under Project Work कार्यक्रम अंतर्गत जैवविविधता प्रशिक्षण का आयोजन सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नाकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, भोपाल में दिनांक 06 से 08 फरवरी 2023 तक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र (प्रथम दिवस) मे महाविद्यालय के डॉ. मुकेश दीक्षित, विभागाध्यक्ष (प्राणीशास्त्र विभाग) द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल के डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सी.एण्ड.डी.) द्वारा कार्यक्रम के महत्व तथा जैवविविधता संरक्षण के संबंध से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्नाकोत्तर (एम.एस.सी. प्राणिशास्त्र विभाग) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की 51 महाविद्यालयीन छात्राओ द्वारा भाग लिया गया। बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा जैवविविधता संरक्षण, संकटापन्न एवं विलुप्तप्राय वानस्पतिक (Floral) एवं प्राणि (Faunal) प्रजातियों (RET) तथा लोक जैवविविधता पंजी का उद्देश्य एवं महत्व से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




**जैवविविधता प्रशिक्षण का आयोजन**

## 6. विज्ञान मेला – Science Fiesta-2023

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में दिनांक 10 जनवरी से 12 जनवरी, 2023 तक विज्ञान मेला Science Fiesta - 2023 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ प्रो. शिवा उमापति, डायरेक्टर आईसर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से जैवविविधता संरक्षण से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान की गई। प्रदर्शनी में कृषि जैवविविधता के अंतर्गत बोर्ड द्वारा प्रदेश में पाये जाने वाले मोटे अनाजों की विभिन्न पारंपरिक किस्में कोदो, कुटकी, समा, ज्वार, मक्का, गेंहूँ की किस्में कठिया, लाल गेंहूँ, काला गेंहूँ तथा धान की पारम्परिक किस्में जैसे जीराशंकर, विष्णुभोग, चिन्नौर,करगी, भांटाफूल, करधना, लुचई (चावल की किस्में) इत्यादि की अनुवांशिक जैवविविधता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 25 स्कूलों से 3000 छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शन स्टॉलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इसके साथ विभिन्न क्षेत्रों से संबद्ध लोगों द्वारा भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का समापन दिनांक 12.01.2023 को अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल के डायरेक्टर, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के द्वारा आंचलिक विज्ञान केन्द्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बोर्ड कार्यालय को प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।



**आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में Science Fiesta-2023 कार्यक्रम**

## 7. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) द्वारा जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा ग्राम पंचायत हिनौती सड़क, बैरसिया भोपाल में जैवविविधता प्रबंधन समिति एवं एन.एस.एस. शाखा भोपाल के सहयोग से दिनांक 28.03.2023 को जैवविविधता जागरूकता तथा संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जैवविविधता प्रबंधन समिति हिनौती सड़क के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की छात्राओं एवं ग्राम पंचायत हिनौती सड़क की रहवासी स्कूली छात्राओं द्वारा जैवविविधता संरक्षण हेतु **"घर–घर पौध वितरण"** कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लिया गया। इस क्रम में जैवविविधता संरक्षण के उद्देश्य हेतु बोर्ड के डेमों सेन्टर में तैयार लुप्तप्रायः एवं संकटापन्न प्रजातियों के 1000 पौधों का ग्राम पंचायत में घर–घर पौधों का वितरण किया गया।

बोर्ड द्वारा इस अवसर पर जैवविविधता जागरूकता हेतु जैवविविधता आधारित व्याख्यान एवं क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया साथ ही गौरैया संरक्षण के लिए घोंसले वितरित किये गये।

कार्यक्रम में जैवविविधता प्रबंधन समिति द्वारा एन.एस.एस. की छात्राओं को जैवविविधता संरक्षण के प्रति सहयोग प्रदान किए जाने की शपथ दिलाई गई तथा प्रतिभागी छात्राओं द्वारा ग्राम में **''घर–घर पौध वितरण रैली''** का आयोजन किया गया। बोर्ड की ओर से तकनीकी विशेषज्ञ सुश्री शिवानी शर्मा एवं श्री शुभम सिंह पंकज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया गया।









**जैवविविधता जागरूकता एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजन के छायाचित्र**

## जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण

**(जनपद पंचायत स्तरीय कार्यशाला एवं बैठक)**

### 1. जनपद पंचायत मझौली, जिला जबलपुर

जनपद पंचायत मझौली, जिला जबलपुर में दिनांक 17.01.2023 को ग्राम पंचायत स्तरीय जैवविविधता प्रबंधन समितियों का पुर्नगठन/सक्रियकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सचिव, जैवविविधता प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सदस्यगण, एवं सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया गया। जैवविविधता अधिनियम 2002, मध्यप्रदेश नियम 2004 के प्रावधान, जैवविविधता का परिचय, महत्व एवं जैवविविधता के स्तरों का विवरण, जैवविविधता के विभिन्न प्रकार जैवविविधता प्रबंधन समिति के गठन प्रक्रिया, मुख्य उद्देश्य जैवविविधता प्रबंधन समिति के कार्यो में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य की प्रक्रिया, पंजी में एकत्रित किये जाने वाली जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञ एवं प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर डॉ. राजभान साहू (पी.बी.आर–पी.आई.) महाविद्यालय,जबलपुर के द्वारा भाग लिया गया।

कार्यशाला में श्रीमति विद्या दिनेश चौरसिया, अध्यक्ष,जनपद पंचायत मझौली, सुश्री सृष्टी प्रजापति, प्रभारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मझौली, जिला– जबलपुर द्वारा जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन हेतु समस्त पंचायतों को प्रेरित किया गया।



**जनपद पंचायत – मझौली, जिला – जबलपुर कार्यशाला**

## 2. जनपद पंचायत, टीकमगढ़, जिला टीकमगढ

जनपद पंचायत टीकमगढ़, जिला टीकमगढ में दिनांक 03.02.2023 को ग्राम पंचायत स्तरीय जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जैवविविधता अधिनियम 2002, मध्यप्रदेश नियम 2004 तथा जैव संसाधनों तक पहुंच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बटाना विनियम 2014 के विभिन्न प्रावधानों एवं उद्देश्य जैवविविधता का परिचय, महत्व एवं जैवविविधता के स्तरों का विवरण, जैवविविधता के विभिन्न प्रकार एवं जैवविविधता संरक्षण हेतु समितियों के कर्तव्यों से अवगत कराया गया। विषय विशेषज्ञों द्वारा बुन्देलखंड में कम होते गिद्ध/चील/बाज गोरैया संरक्षण के संबंध मे जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सचिव, जैव विविधता प्रबंधन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सदस्यगण, एवं सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि (कुल 43 प्रतिभागीयों), श्रीमती प्रियंका मिश्रा (पी.आई.), जनपद पंचायत टीकमगढ़,डॉ. एम. एन. अवस्थी, विषय विशेषज्ञ श्री विजेश हरियाले, तकनीकी विशेषज्ञ, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल द्वारा भाग लिया गया।



**जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण हेतु जनपद पंचायत– टीकमगढ़, (म.प्र.) में आयोजित कार्यशाला**

## 3. जनपद पंचायत, रायपुर कर्चुलियान, जिला – रीवा

जनपद पंचायत – रायपुर कर्चुलियान, जिला – रीवा में जैवविविधता प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन दिनांक 24 जनवरी 2023 को जनपद कार्यालय सभागार में किया गया। बैठक में जनपद पंचायत स्तर की लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के अब तक के किये गये कार्यो जैसे– जनपद पंचायत की सामान्य जानकारी, तीनों ऋतुओं– खरीफ, रबी, जायद की फसलों, जंगली वनस्पति, जलीय वनस्पति, पौधो, झाडी, शाक, फलो, सब्जी, फूलो, आर्थिक फसलो की सूची, औषधीय पौधों की सूची को समिति के सदस्यगणो के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत समिति ने अब तक के किये गये कार्यो का अनुमोदन किया। आगामी कार्य की रूपरेखा तैयार करने और पी.आर.ए. कार्य हेतु पंचायत क्लस्टर की मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल जैवविविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्यों, सभी अशासकीय एवं शासकीय सदस्यों ने अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम में श्री शैलेन्द्र पटेल, अध्यक्ष जैवविविधता प्रबंधन समिति, श्री प्रदीप दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत– रायपुर कर्चुलियान, प्रोफेसर एस. के. मिश्रा, श्री विश्वजीत तिवारी, संस्था– एस. एस. गोलवलकर कॉलेज रीवा (परियोजना पी.आई./ को–पी.आई.), जनपद पंचायत समिति सदस्य श्री राजेश केवट, श्रीमती स्मिता सहगल, श्री विकास साहू, श्री संजीव कोल, श्री रवि सिंह बघेल, श्री संदीप पटेल, श्री इंद्रपाल सिंह, श्री राकेश अग्निहोत्री, श्री बालेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



**जनपद पंचायत– रायपुर कर्चुलियान, जिला – रीवा में जैवविविधता प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक**

## 3. स्थानीय निकाय स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठक

1. बोर्ड द्वारा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के सबंध में दिनांक 03.03.2023 को ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर/पी.आई./डाटा सर्वेयर द्वारा भाग लिया गया।
2. जैवविविधता प्रबंधन समिति, पंचायत जनपद – रामपुर नैकिन, जिला – सीधी में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 03.03.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई।
3. जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद – पंचायत, रामनगर जिला सतना में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 06.03.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की तृतीय बैठक आयोजित की गई।
4. जैवविविधता प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत – चुलखान, जिला बुरहानपुर में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 19.3.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।
5. जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता वाटिका उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 20.03.2023 को महिला पॉलिटेक्निक भोपाल में किया गया।
6. जैवविविधता प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत – हसनपुर, जिला बुरहानपुर में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 21.3.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।
7. जैवविविधता प्रबंधन समिति, पंचायत जनपद – कुसमी, जिला सीधी में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 24.03.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की चर्तुथ बैठक आयोजित की गई।
8. जैवविविधता प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत – भावसा, जिला बुरहानपुर में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 24.3.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।
9. जैवविविधता प्रबंधन समिति, पंचायत जनपद – सोहावल, जिला सीधी में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबंध में दिनांक 28.03.2023 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई एवं जनपद पंचायत–सीधी, जिला सीधी में जैवविविधता प्रबंधन समिति की चतुर्थ बैठक की गई।
10. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य हेतु जैवविविधता प्रबंधन समिति–जनपद पंचायत, ईछावर, जिला सीहोर में दिनांक 28.03.2023 को बैठक आयोजित की गई।
11. जैवविविधता प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत दर्शनी – जनपद पंचायत – मझौली जिला जबलपुर, लोक जैवविविधता पंजी अद्यतीनीकरण कार्य हेतु प्रथम बैठक पी.आई द्वारा आयोजित की गई।

## दस्तावेजीकरण

### 1. शहरी जैवविविधता सूचकांक

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल द्वारा वन्यजीव संस्थान, देहरादून के तकनीकी मागदर्शन, एवं ICLEI South Asia के सहयोग से प्रदेश के भोपाल एवं इंदौर शहर में सिटी बायोडायवर्सिटी इन्डेक्स (शहरी जैवविविधता सूचकांक) का निर्माण किया गया है। उपरोक्त शहरी जैवविविधता सूचकांक के विमोचन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला "Dissemination Workshop on City Biodiversity Index of Bhopal and Indore" का आयोजन दिनांक 15.02.2023 को आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री जसबीर सिंह चौहान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी मध्यप्रदेश एवं अध्यक्षता, डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा की गई। उन्होंने अवगत कराया कि इंडेक्स के आधार पर शहरों के खुले क्षेत्रों में नगर वन का विकास तथा शहरी विकास संबंधित कार्ययोजना के निर्माण में भी आवश्यक सहयोग प्राप्त होगा व इकोसिस्टम सेवाओं की संवहनीयता के लिये भी कार्ययोजना बनाई जा सकेगी।

कार्यक्रम में डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा इंदौर एवं भोपाल शहर के शहरी जैवविविधता सूचकांक का परिणाम एवं स्कोर से अवगत कराया गया। कुल अंक (92 में से) भोपाल शहर को 44 अंक एवं इन्दौर शहर को 35 अंक प्राप्त हुये। इन अंकों को मूल जैवविविधता, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं, एवं जैवविविधता का प्रबंधन एवं सुशासन सहित तीन भागों में बांटा गया है। उन्होने अवगत कराया कि स्थानीय निकाय नगर निगम, स्र्माट सिटी, जैवविविधता सहयोगी विभागों एवं संस्थानों को शहरी क्षेत्र में जैवविविधता संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु एक साथ मिलकर कार्य किये जाने से शहरी जैवविविधता सूचकांक भोपाल एवं इंदौर के परिणाम को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होने अवगत कराया कि अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता सम्मेलन (सीबीडी) की मंशा अनुरूप देश में पूर्व में कुल 14 स्थानों पर इंडेक्स बनाने का कार्य संपूर्ण किया जा चुका है।

कार्यशाला डॉ गौतम तालुकदार, वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून तथा डॉ मोनालिसा सेन, कार्यक्रम समन्वयक (जैवविविधता) ICLEI - South Asia द्वारा भोपाल एवं इंदौर शहर के शहरी जैवविविधता सूचकांकके प्रत्येक घटकों के परिणाम को विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यशाला के तकनीकी सत्र में डॉ. मोनालिसा सेन, कार्यक्रम समन्वयक (जैवविविधता), आई.सी.एल.ई.आई, साउथ एशिया द्वारा प्रस्तुतीकरण मेंसिटी बायोडायवर्सिटी इन्डेक्स की पृष्ठभूमि एवं इंडेक्स निर्माण में दोनो शहरों की जैवविविधता और पर्यावरण सेवाओं हेतु विस्तृत अध्ययन के संबंध में विस्तार अवगत कराया गया। उनके द्वारा जैवविविधता सूचकांक निर्माण के पश्चात् भोपाल एवं इंदौर शहर का Local Biodiversity Strategy and Action Plan (LBSAP) बनाने का सूझाव दिया गया। कार्यशाला में डॉ. गौतम तालुकदार, वैज्ञानिक एवं डॉ. नसीम अहमद अंसारी, वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून, डॉ. मोनालिसा सेन, कार्यक्रम समन्वयक (जैवविविधता), आई.सी.एल.ई.आई., साउथ एशिया, डा. बकुल लाड़, सहायक सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड एवं सुश्री अवंतिका अधरूज़, परियोजना समन्वयक (पूर्व), भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून से उपस्थिति हुए।







**भोपाल एवं इंदौर शहर का सिटी बायोडायवर्सिटी इन्डेक्स (शहरी जैवविविधता सूचकांक) का निर्माण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया**

## 2. परियोजना – अनुसंधान एवं दस्तावेजीकरण

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की गतिविधियों में अनुसंधान एवं दस्तावेजीकरण एक प्रमुख गतिविधि है, जिसके अंतर्गत जैव विविधता के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन/दस्तावेजीकरण कार्य उपयुक्त संस्थानों/गैर शासकीय संगठनों/विशेषज्ञों से कराया जाता है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की परियोजना अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 29.03.2023 को बोर्ड कार्यालय में आहूत कर बोर्ड में प्राप्त निम्नलिखित वृहद परियोजना प्रस्तावों को स्वीकृत किया गयाः–

| S. No. | Title of Project | Executing Agency | Project Cost (Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | Collection and Ex-situ conservation of medicinal and aromatic plants in Gene-bank of SFRI, Jabalpur and their management. | State Forest Research Institute, Jabalpur | 22.37 |
| 2 | Conservation, Characterization and Selection of Agricultural significance traditional Pigeonpea varieties and wild cultivars from selected tribal dominated areas of M.P. | Indira Gandhi National Tribal University, Amarkantak | 05.00 |
| 3 | Handbook of Forest Flora for frontline staff in Hindi | Dr. S.R. Waghmare, Ex. Deputy CF, Bhopal (M.P.) | 05.00 |
| 4 | Survey, Evaluation and Characterization of local goat of Vindhyachal Region | Nanaji Deshmukh Veterinary Science University, Jabalpur | 09.20 |
| 5 | Ecological monitoring and conservation of caracal in M.P. | Amity University Uttar Pradesh, | 10.00 |

## जैवविविधता समाचार पत्रों में .........



### अग्नि सुरक्षा व जैव विविधता प्रबंधन पर हुई कार्यशाला



### पंजीयन और जैव विविधता प्रबंधन पर पुंजापुरा में कार्यशाला का आयोजन

पुंजापुरा। वनों में आगजनी की रोकथाम व सुरक्षा आदि विषयों को लेकर कार्यशाला का आयोजन वन विश्रामगृह पुंजापुरा पर किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वनों में अग्नि सुरक्षा हेतु फायर अलर्ट सिस्टम पर समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों का रजिस्ट्रेशन करना, जिससे अग्नि घटना को तत्काल रोका जा सके। अधिक से अधिक समिति सदस्यों का फायर अलर्ट सिस्टम सॉफ्टवेयर में रजिस्ट्रेशन करने के साथ-साथ जैव विविधता प्रबंधन हेतु ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है, जिससे स्थानीय जैव विविधता प्रबंधन समितियों को भी इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर मूलचंद भार्गव, गिरधारीलाल राठौर, विजय मौर्य, देवीसिंह आदि उपस्थित थे।



पत्रिका रीवा

### जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक



### 545 कड़कनाथ पालकों और कृषकों ने उत्कृष्टता प्रतियोगिता में लिया भाग

**बुक पोस्ट**

प्रति,

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

प्रेषक –


**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**

प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.mp.gov.in



**संरक्षक**

**डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव**
**सदस्य सचिव**

**संपादक मण्डल**

डॉ. बकुल लाड
सहायक सदस्य सचिव
(सी. एण्ड. डी)

डॉ. एलिजाबेथ थॉमस
सहायक सदस्य सचिव
(बायो)

सुमित कुमार जैन
सहायक सदस्य सचिव
(प्रशा./वित्त)